प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद– अलीगढ़, उ0प्र0।

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/Aligarh SS Visit/2022–23/5208 दिनांकः 19 10.2022

**विषयः राज्य स्तरीय टीम द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के क्रम में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याएस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2022–23/04/2566–2 दिनांक–19.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अर्न्तगत जनपद अलीगढ़ के भ्रमण हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 19–23 सितम्बर 2022 तक जनपद – अलीगढ़ में संचालित स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान संज्ञान में आये बिन्दुओं पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

उक्त सम्बंधित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही कराते हेतु बिन्दुवार अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीया

Aparna. U.

**(अपर्णा उपाध्याय)**
मिशन निदेशक

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/Aligarh SS Visit/2022–23/ तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0, लखनऊ।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ मण्डल, अलीगढ।
5. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन.एच.एम अलीगढ मण्डल, अलीगढ।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन.एच.एम.,अलीगढ़।

**(डॉ एम एस अहमद)**
उप महाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य

## सहयोगात्मक पर्यवेक्षण आख्या जनपद–अलीगढ़
## भ्रमण तिथि– 19 से 23 सितंबर 2022

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/ एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2022–23/04/2566–2 दिनांक–19.07.2022 के अनुपालन में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 19 से 23 सितंबर 2022 तक जनपद अलीगढ़ का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

**राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–**

**डॉ एम एस अहमद–** उपमहाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
**डॉ मसूद सालिम** – परामर्शदाता, परिवार नियोजन, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

**जनपद स्तरीय टीम के सदस्यः–**

श्री महेंद्र प्रताप सिंह डी0पी0एम0, एन0एच0एम0, अलीगढ़ ।
श्री वैभव मिश्रा, एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 प्रबंधक, एन0एच0एम0, अलीगढ़ ।

**दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गयी स्वास्थ्य इकाईयां–**


- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, –जवाँ, जनपद अलीगढ़
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर) बरौली, जनपद अलीगढ़
- उपकेन्द्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर) रायपुर दहेली, ब्लाक जवाँ, जनपद अलीगढ़
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर) पनेठी, जनपद अलीगढ़
- उपकेन्द्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर) खेड़ा नारायण सिंह, ब्लाक हरदुआगंज, जनपद अलीगढ़
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, (एफ0आर0यू0) अकराबाद, जनपद अलीगढ़
- मोहनलाल गौतम राजकीय महिला चिकित्सालय, जनपद अलीगढ़
- मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ फीडबैक बैठक।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जवां –** भ्रमण दिनांक 20/09/2022

भ्रमण के दौरान चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये साथ ही मौके पर ही भ्रमण दल द्वारा सुधारात्मक कार्यवाही करने हेतु सुझाव/निर्देश दिया गया –

- आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा वाहन की उपलब्धता टेण्डर न होने के कारण 10 जुलाई 2022 से भ्रमण नही किया जा रहा है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 160 से 200 प्रसव प्रति माह कराये जा रहे हैं, परन्तु चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि प्रसव के उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। जबकि डाइट की सुविधा उपलब्ध है। भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाई को मानकानुसार 48 घंटे रूकने के प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।
- मानकानुसार डाइट रजिस्टर व्यवस्थित करने व तदनुसार ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत व्यय सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।
- प्रसव कक्ष में 7 ट्रे मानक अनुसार व्स्थित नहीं थी।
- प्रसव कक्ष में न्यू बार्न केयर कार्नर की उपलब्ध नही था, न्यू बार्न केयर कार्नर स्थापित करने के निर्देश दिये गये।
- लेबर टेबल, फुट स्टेप में जंग लगा हुआ था, जिसे बदलने अथवा मरम्मत कराने का सुझाव दिया गया।
- प्रसव कक्ष में औषधियों यथा आक्सीटोसिन इन्जेक्शन आदि के तापमान नियंत्रण की व्यवस्था नही थी। नर्सिग स्टेशन में औषधियों हेतु फ्रिज की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ग्लूकोमीटर की उपलब्धता नही थी।
- ए0एन0सी0 के सापेक्ष एम.सी0पी0 कार्ड की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में नही है।
- शिक्षा विभाग से विफ्स कार्यक्रम की कोई भी रिपोर्ट उपलब्ध नही हो पा रही है।

- इमरजेन्सी वार्ड में inj. Adrenaline नही था। Ethamsylate and carboprost चिकित्सा इकाई में उपलब्ध नही है।
- Cord clamp तथा Mucus extractor पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता नही है।
- Mantra App तथा रजिस्टर में डिलीवरी डाटा में एकरूपता नही थी।
- कन्डोम बॉक्स लगा हुआ था लेकिन खाली था। कण्डोम बाक्स प्रतिदिन भरने का सुझाव दिया गया।
- आयरन सुक्रोज रजिस्टर नही था जिसे बनाने का सुझाव दिया गया।
- वर्ष 2022–23 में JSY में लाभार्थी का भुगतान केवल 23.14 % है।
- माह अगस्त तक कुल 40 महिल नसबंदी व 1 पुरुष नसबंदी की गयी।



## HWCs –

- प्रसव कक्ष में व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी। प्रोटोकाल मानकानुसार नहीं पाये गये। कैलिस पैड एवं डिलीवरी टेबिल मानकानुसार नहीं पाये गये।
- मानक अनुसार Diagnostic test प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौली, उपकेन्द्र रायपुर दहेली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनेठी, उपकेन्द्र खेड़ा नारायण सिंह में नहीं हो रहे हैं।
- सभी HWC पर 24 X 7 delivery point हेतु 2 लाख की धनराशि उपकरण क्रय हेतु आवंटित की गयी थी, परन्तु अभी HWC पर उपकरण उपलब्ध नही है।
- 4 चिन्हित HWC, 24 X 7 delivery point पर 3 SN को तैनात किये जाने हेतु निर्देश दिए गए ।
- उपकेंद्र रायपुर में Power Back-up नहीं हैं।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनेठी में Labour Room Register उपलब्ध नही है।
- उपकेन्द्र खेड़ा नारायण सिंह में light connection नहीं हैं तथा Haemoglobinometre functional नहीं हैं



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, (एफ0आर0यू0) –अकराबाद

- चिकित्सालय में लगभग 250 प्रसव प्रतिमाह होते है किन्तु प्रसव कक्ष में मानकानुसार पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध नहीं थी। इमरजेसी ट्रे में पर्याप्त दवायें नहीं, प्रसव कक्ष में पर्दे नहीं, डिलीवरी टेबल पर कैलीज पैड नही। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अकराबाद में C-Section की सुविधा उपलब्ध है। FRU मानकानुसार क्रियाशील है।
- प्रसव कक्ष में लेबर टेबल, फुट स्टेप में जंग लगा हुआ था जिसे बदलने हेतु निर्देशित किया गया
- प्रसव कक्ष में कोल्ड चेन में रखने योग्य औषधियों यथा आक्सीटोसिन इन्जेक्शन आदि के तापमान नियंत्रण की व्यवस्था नहीं। नर्सिंग स्टेशन में औषधियों हेतु फ्रिज की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।
- मानकानुसार डाइट रजिस्टर व्यवस्थित करने व तदनुसार ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत व्यय सुनिश्चित करने हेतु सुझाव दिया गया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में BSU की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसका रजिस्ट्रेशन कर क्रियाशील करने हेतु निर्देश दिए गए।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में USG की सुविधा इकाई /PPP Mode में उपलब्ध नहीं हैं।
- NBSU की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसे क्रियाशील करने हेतु निर्देश दिए गए।
- Nurse Mentor द्वारा अवगत कराया गया कि 2018 से incentive नहीं मिला है।
- Anesthesia व C-Section से सम्बंधित ड्रग यथा Spinal Drug, suture etc नहीं है है जिसे इंडेंट के माध्यम से जिलास्तर से उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत नसबंदी की सेवाएं FRHS Team द्वारा दी जा रही हैं ।
- OT में Shadowless lamp उपलब्ध नही थी।
- दो RBSk team स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात है परन्तु वाहन के अभाव में स्कूल एवं आंगनवाडी केन्द्रो का भ्रमण नही किया जा रहा है।
- वर्ष 2022–23 में JSY में लाभार्थी का भुगतान 75.41 % है, ASHA का भुगतान 63.99 % है।


## मोहन लाल गौतम राजकीय महिला चिकित्सालय

दिनांक 22/09/2022 को राज्य स्तरीय दल द्वारा श्री महेंद्र प्रताप सिंह डी पी एम, एन0एच0एम0, के साथ मोहन लाल गौतम राजकीय महिला चिकित्सालय का भ्रमण किया गया।

परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध थी।

- मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका द्वारा यह अवगत कराया गया कि कुछ लाभार्थियों का RCH नंबर नहीं मिल पाता है, जिससे मानदेय देने में समस्या होती है जिस पर DPM को RCH नंबर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- RCH Portal के Access पर चर्चा हुयी जिस पर DPM एवं CMS को समन्वय स्थापित करते हुए समस्या के समाधान पर जोर दिया गया।
- मोहन लाल गौतम राजकीय महिला चिकित्सालय मे प्रतिदिन 40 प्रसव एवं 4-5, C- Section प्रतिदिन हो रहे हैं।
- चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि प्रसव के उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। मानकानुसार 48 घंटे रोकने के लिये प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।
- मानकानुसार डाइट रजिस्टर व्यवस्थित करने व तदनुसार ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत व्यय सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।
- OT में फुट स्टेप में जंग लगा हुआ था जिसे बदलने का सुझाव दिया गया।
- सभी स्टाफ यह ensure करे कि सभी प्रसूता अपने बच्चे को १ घंटे के अंदर स्तनपान करा दे।
- सभी प्रकार के पोस्टर और प्रोटोकॉल लगे हुए थे।
- SNCU में 4 मेडिकल ऑफिसर हैं, SNCU, OT का Centralise AC and Lift का AMC नहीं है, जिसपर महानिदेशक चिकित्सा स्वस्थ्य से पत्राचार्य काने का सुझाव दिया गया।

- SNCU में 14 Bed है जिस में 20-25 बच्चे admit थे।
- Mantra App तथा रजिस्टर में डिलीवरी डाटा में एकरूपता नही थी।
- MCH wing में LMO Post तथा FP Counsellor Post रिक्त है।
- कंडोम बाक्स लगा हुआ था परन्तु खाली पडा था। कण्डोम बाक्स प्रतिदिन भरने का सुझाव दिया गया।
- JSY ward को अच्छे से मेन्टेन करने तथा परदे वगैरह लगाने हेतु सुझाव दिया गया।



**मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ बैठक – दिनांक** 22/09/2022

दिनांक 22/09/2022 को राज्य स्तरीय दल द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, अलीगढ़ से बैठक कर जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ फीडबैक शेयर किया गया जिसमें अन्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में निम्न फीडबैक दिये गये–

1. राज्य स्तर से कार्यक्रमों/गतिविधियों हेतु आवंटित बजट का उपयोग नियमानुसार करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ निर्धारित एफ0एम0आर0 कोड में बुकिंग भी सुनिश्चित करे।
2. सभी HWC पर 24X7 delivery point हेतु 2 लाख की धनराशि आवंटित की गयी थी अनुरोध किया गया कि नियमानुसार क्रय सुनिश्चित कर लिया जाए एवं HWC को 24 X 7 delivery point हेतु क्रियाशील करा लिया जाए।
3. चिन्हित HWC पर SN को तैनात किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।
4. प्रत्येक माह स्थलीय पर्यवेक्षण करते हुये आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य रिकार्ड को सही तरीके से अपडेट तथा व्यवस्थित करना सुनिश्चित एवं विभिन्न पोर्टल पर अपडेशन ससमय किया जाए।
5. प्राथमिक/सामुदायिक/स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर लेबर रूम एम0एन0एच0 टूलकिट के अनुसार व्यवस्थित करायें।
6. जे0एस0एस0के0 के अर्न्तगत डायट रजिस्टर तथा मैन्यू समस्त इकाईयों पर उपलब्ध/प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें। मानकानुसार डाइट रजिस्टर व्यवस्थित करने व तदनुसार ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत व्यय सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया।
7. जनपद तथा ब्लाक स्तर पर निर्धारित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण को सम्पादित किया जाये तथा भ्रमण के दौरान पायी गई कमियो को ससमय पूर्ण कराया जाए।

(मसूद सालिम)
**परामर्शदाता– परिवार नियोजन**

(डॉ एम एस अहमद)
**उपमहाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य**

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद– अलीगढ़, उ0प्र0।

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/Aligarh SS Visit/2022–23/ दिनांकः 19–10.2022

**विषयः राज्य स्तरीय टीम द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के क्रम में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याएस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2022–23/04/2566–2 दिनांक–19.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अर्न्तगत जनपद अलीगढ़ के भ्रमण हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 19–23 सितम्बर 2022 तक जनपद – अलीगढ़ में संचालित स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान संज्ञान में आये बिन्दुओं पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

उक्त सम्बंधित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही कराते हेतु बिन्दुवार अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीय।

**(अपर्णा उपाध्याय )**
मिशन निदेशक

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/Aligarh SS Visit/2022–23/5208-6 तद्‌दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0, लखनऊ।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ मण्डल, अलीगढ।
5. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन.एच.एम अलीगढ मण्डल, अलीगढ।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन.एच.एम.,अलीगढ़।

**(डॉ एम एस अहमद)**
उप महाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य